## घोटालों के बारे में उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी।

प्रिय उपभोक्ता,

विश्वास और सुरक्षा हमारे लिए प्राथमिकता है।

समय-समय पर हमें ऐसे उदाहरण देखने को मिलते हैं, जहा वित्तीय लेन-देन के लिए किसी उपभोक्ता पर तीसरे पक्ष द्वारा दबाव डाला जाता है, उसे मजबूर किया जाता है या हेर-फेर की जाती है। कभी-कभी अपराधी उपभोक्ता के साथ किसी शाखा में जाते हैं या वित्तीय लेन-देन सुनिश्चित करने के लिए फोन पर निर्देश प्रदान करते हैं।

ये घोटाले कई प्रारूपों में किए जाते हैं और ये काफी जटिल हो सकते हैं। उपभोक्ताओ को सतर्क और जागरुक रहना चाहिए, और किसी भी सदिग्ध गतिविधि के बारे में सूचना देनी चाहिए।

### चेतावनी और सतर्कता के संकेत।

घोटालेबाज अक्सर तात्कालिकता की भावना पैदा करने की कोशिश करते हैं। वे कम समय सीमा, नकली आपातस्थितियों या कानूनी कार्यवाही करने की धमकियों के माध्यम से अथवा पुलिस बल, किसी बैंक या सरकारी विभाग के प्रतिनिधि के रूप में स्वय को प्रस्तुत करके उपभोक्ताओ पर दबाव बनाते हैं।

### घोटालों के प्रकार।

**सामान्य रूप से होने वाले घोटालों में शामिल हैं:**

- सूचना प्रौद्योगिकी और दूरस्थ पहुँच (आपके कम्प्यूटर, मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस तक)
- निवेश
- प्रेम और रोमास
- अप्रत्याशित धन या जीत
- नकली दानार्थ सस्थाएँ
- खरीद या बिक्री
- नौकरिया और रोजगार
- धमकिया और जबरन वसूली
- आपकी व्यक्तिगत जानकारी हासिल करने के लिए अन्य प्रयास

हम टेलीफोन या ईमेल के माध्यम से आपके पिन, पासवर्ड या नेटबैंक एसएमएस कोड के लिए कभी भी नही पूछेंगे। यदि आपसे कोई ऐसा व्यक्ति सपर्क करता है जो कॉमबैंक की ओर से इस जानकारी के बारे में पूछने का दावा करता है अथवा जिसके बारे में आप निश्चित नही हैं कि वह वास्तविक है या नही, तो आगे न बढ़ें और कुछ भी कार्य करने से पहले सत्यापन के लिए हमें कॉल करें।

### और अधिक जानकारी कहां से प्राप्त करें।

वर्तमान घोटालों के बारे में आगे की शिक्षा और जानकारी देने वाले कई ऑनलाइन ससाधन उपलब्ध हैं, जिनमें www.commbank.com.au/scams और www.scamwatch.gov.au भी शामिल हैं।

आप कॉमबैंक की वेबसाइट पर हमारी सदर्शिका की प्रति के लिए 'Safe & Savvy' की खोज भी कर सकते/सकती हैं, जिसे अधिक आयु के उपभोक्ताओ को दुर्व्यवहार, घोटालों और धोखाधड़ी के बारे में समझने और इनसे सुरक्षित रहने में सहायता के लिए डिज़ाइन किया गया है। यदि आपको उपरोक्त किसी ससाधन को प्राप्त करने में सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया कॉमबैंक की किसी भी शाखा में जाए।

### हम सहायता के लिए यहां उपस्थित हैं।

यदि आपको अपने खातों में अनधिकृत लेनदेन या असामान्य गतिविधि दिखाई देती है, या आपको किसी सपर्क के वास्तव में कॉमबैंक की ओर से होने की पुष्टि करने की आवश्यकता है, तो आप किसी भी समय हमें **13 2221 पर (विदेश से +61 2 9999 3283 पर) कॉल कर सकते/सकती हैं,** या **अपनी स्थानीय शाखा में जा सकते/सकती हैं।**

आप बैंक की घोटाले टीम को 1800 023 919 पर कॉल भी कर सकते/सकती हैं। विकल्प 2 चुनें, फिर विकल्प 1 चुनें (सोमवार से शुक्रवार सुबह 8बजे - शाम 7बजे, शनिवार से रविवार सुबह 8बजे - दोपहर 4बजे सिडनी समय)।

यदि आपको भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक समर्थन की आवश्यकता है, तो कृपया हमारी उपभोक्ता समर्थन सेवा को 1300 360 793 पर कॉल करें और एपॉइटमेंट लें।
उपभोक्ता समर्थन सेवा एक अल्पकालिक, गोपनीय टेलीफोन परामर्श सेवा है, जो कॉमनवेल्थ बैंक और बैंकवेस्ट के ऑस्ट्रेलिया में स्थित उपभोक्ताओ के लिए उपलब्ध है।

धन्यवाद
कॉमबैंक

सामान्य प्रकार के घोटालों के साराश के लिए कृपया पृष्ठ 2 देखें।

Commonwealth Bank

### सूचना प्रौद्योगिकी और दूरस्थ एक्सेस घोटाले।

**आपको:**

- किसी वित्तीय सस्थान, दूरसचार कपनी या आईटी हेल्पडेस्क से होने का दावा करने वाले किसी व्यक्ति से आकस्मिक कॉल प्राप्त हो सकती है। उनके पास पहले से ही आपका विवरण हो सकता है।
- एक प्रोग्राम इस्टॉल करने या विशिष्ट कोड को पढ़ने के लिए कहा जा सकता है। इस तकनीक का उपयोग अक्सर दूरस्थ एक्सेस प्राप्त करने के लिए किया जाता है ताकि घोटालेबाज आपके डिवाइस को देख सके और उसे नियत्रित कर सके।
- अपराधियों को पकड़ने में सहायता के लिए सपर्क किया जा सकता है।

### निवेश और रोजगार से संबंधित घोटाले

**संभावित रूप से:**

- आपको शेयर या क्रिप्टोकरेंसी जैसे निवेश उत्पाद प्रस्तुत किए जा सकते हैं, जो आपके निवेश पर बहुत ही अच्छी दर की गारटी देते हैं।
- आपको रोजगार का अवसर प्रस्तुत किया जा सकता है, जो इतना अच्छा प्रतीत होता है कि मानों वह सच न हो। इसमें किसी व्यवसाय या उनके "उपभोक्ताओ" से धनराशि प्राप्त करना और उन्हें स्थानातरित करना शामिल हो सकता है।
- आपको दूसरों को रोजगार या निवेश में शामिल होने के लिए कहा जा सकता है।

### संबंध के घोटाले

**संभावित रूप से:**

- आप ऑनलाइन डेटिग या सोशल मीडिया के माध्यम से मुलाकात करके किसी व्यक्ति से सबध स्थापित कर सकते/सकती हैं, जो अब तत्काल पैसों की माग कर रहा है।
- आपसे अतरराष्ट्रीय धन हस्तातरण (IMTs) के लिए रजिस्टर करने के लिए कहा जा सकता है, और विदेशों में पैसे भेजने के तरीकों के बारे में निर्देश दिए जा सकते हैं। IMT विवरण इच्छित प्राप्तकर्ता के विवरण से मेल नही खाता है।

### अप्रत्याशित धन घोटाले

**संभावित रूप से:**

- आपको लॉटरी में जीत, विरासत या इसी प्रकार की बातों के बारे में पत्र, ईमेल, कॉल या अपने कप्यूटर पर पॉप-अप प्राप्त हो सकता है।
- आपसे कहा जा सकता है कि आप पैसों के हकदार हैं, लेकिन आपको धनराशि निर्गत किए जाने से पहले कानूनी शुल्क जैसा कुछ भुगतान करना होगा।

### धमकी और जुर्माना घोटाले

**संभावित रूप से:**

- आपसे बैंक के धोखाधड़ी स्टाफ, पुलिस, आव्रजन, या एटीओ की ओर से होने का दावा करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा सपर्क किया जा सकता है।
- आपको बताया जा सकता है कि आपको बिल/जुर्माने चुकाने हैं या आपके ऊपर अतिदेय कर है।
- भुगतान न करने पर आपको कारावास या निर्वासन जैसे दण्ड की धमकी दी जा सकती है।

### झूठी इन्वॉइस/असुरक्षित ईमेल के घोटाले

**संभावित रूप से:**

- आपको किसी नए खाते के माध्यम से स्थापित आपूर्तिकर्ता को भुगतान करने के लिए निर्देशित करने वाला नोटिस या इन्वॉइस प्राप्त हो सकती है।
- आपको अपने आपूर्तिकर्ता से नोटिस प्राप्त हो सकता है, जिसमें यह बताया जाता है कि उन्हें भुगतान प्राप्त नही हुआ है।

### खरीद/बिक्री

**संभावित रूप से:**

- आप ऑनलाइन रूप से सामान खरीद सकते/सकती हैं, कितु भुगतान करने के बाद आपको सामान प्राप्त नही होता है।
- आप ऑनलाइन रूप से कुत्ते का पिल्ला/पालतू जानवर खरीद सकते/सकती हैं, कितु भुगतान करने के बाद आपको पालतू जानवर नही मिलता है।

### नकली दानार्थ संस्थाएँ

**संभावित रूप से:**

- आपसे किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा सपर्क किया जा सकता है जो दानार्थ सस्था की ओर से होने का दावा करता है अथवा बीमार बच्चे की सहायता के लिए पैसे की आवश्यकता होने का दावा करता है।

कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया एबीएन 48 123 123 124 एएफएसएल और ऑस्ट्रेलियन क्रेडिट लाइसेंस 234945